# समाज कार्य स्नातक

## (बीएफएसडब्ल्यू)

## सत्रीय कार्य : 2027–2028

| |
|---|
| अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीख |
| जनवरी, 2027 सत्र–सितम्बर 30,2027 |
| जुलाई, 2027 सत्र–मार्च 31,2028 |

# समाज कार्य स्नातक

## (बीएसडब्ल्यूजी)

## सत्रीय कार्य : 2026–2027

| |
|---|
| अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीख |
| जुलाई, 2026 सत्र–मार्च 31,2027 |
| जनवरी, 2027 सत्र–सितम्बर 30,2027 |

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय
समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समाज कार्य  कार्यक्रम में आपका स्वागत है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के कार्यक्रम अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**(प्रो.सायन्तनी गुइन)**
कार्यक्रम संयोजक
(बीएफएसडब्ल्यू/बीएसडब्ल्यूजी)
**email:bswinfo@ignou.ac.in**
Ph: 011–29571698

# समाज कल्याण प्रशासन और सामाजिक कार्य

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–131**
**कुल अंक – 100**

**नोट :**

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **पाँच** के उत्तर **500** शब्दों में दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. प्रशासन क्या है? सामाजिक प्रशासन की दो परिभाषाएँ दीजिए। 20

2. ''समाज कल्याण प्रशासन, प्रशासन में समाज कार्य अभ्यास को बढ़ावा देता है।'' इस कथन की चर्चा करें। 20

3. सामाजिक कार्रवाई और सामाजिक परिवर्तन के बीच अंतर के बारे में एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।20

4 समझाएँ कि सामाजिक कार्रवाई को पेशेवर समाज कार्य का एक तरीका क्यों माना जाता है। 20

5. सामाजिक विधान को परिभाषित कीजिए। सामाजिक विधान की आवश्यकताओं और उद्देश्यों को बताइए। 20

6. आप भारतीय न्यायिक प्रणाली की प्रासंगिकता को कैसे उचित ठहराएंगे? 20

7. POSDCoRB के किन्हीं दो पहलुओं की व्याख्या करें। 20

8. ब्रिट्टो द्वारा दिए गए समाज कार्य के किन्हीं दो सिद्धांतों का वर्णन करें। 20